**MP BOARD CLASS 12 MODEL PAPER 2020**

**अर्थशास्त्र (ECONOMICS)**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

**खण्ड-(अ)**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए-** **5**

**(अ) अप्रत्यक्ष कर का गुण है**

(i) सुविधाजनक (ii) निश्चित (iii) मितव्ययी (iv) लोचदार

**(ब) राष्ट्रीय आय की आय गणना पद्धति में निम्न घटक की गणना होती है -**

(i) निजी उपभोग व्यय (ii) मजदूरी (iii) कृषि उत्पादन (iv) सरकार द्वारा

**(स) सबसे कम माँग की लोच वाली वस्तु है-**

(i) कार (ii) साइकिल (iii) मकान (iv) नमक

**(द) भारत का केन्द्रीय बैंक है**

(i) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (ii) बैंक ऑफ इंडिया

(ii) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (iv) यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

**(इ) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में उत्पाद की माँग-**

(i) पूर्ण लोचदार होती है (ii) पूर्ण बेलोचदार होती है

(iii) इकाई के बराबर लोचदार होती है (iv) कम लोचदार होती है

उत्तर- (अ) - (i), (ब) - (ii), (स) - (iv), (द) - (iii), (इ) - (i).

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **5**

(i) .......... आर्थिक बैरोमीटर कहलाते हैं।

(ii) कृषि पदार्थों की पूर्ति ........ होती है।

(iii) .......... अर्थव्यवस्था की वह दशा है जिसमें मुद्रा का मूल्य घटता है एवं वस्तुओं का मूल्य बढ़ता है।

(iv) ............ संतुलन में दृश्य एवं अदृश्य दोनों मदें सम्मिलित रहती हैं।

(v) भारतीय कर प्रणाली में ......... करों की प्रधानता है।

उत्तर- (i) निर्देशांक (ii) बेलोचदार, (iii) मुद्रा प्रसार, (iv) भुगतान, (v) अप्रत्यक्ष

**प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए -** **5**

(1) रोजगार के सिद्धान्त का प्रतिपादन सर्वप्रथम मार्शल ने किया था।

(2) रिजर्व बैंक 'बैंकों का बैंक' है।

(3) मुद्रा संकुचन एक ऐसी अवस्था है जिसमें कीमतें बढ़ती है।

(4) भारत में 2003 में सेवा कर लागू किया गया।

(5) सूचकांक आर्थिक बैरोमीटर कहलाते हैं।

उत्तर- (1) असत्य, (2) सत्य, . (3) असत्य, (4) असत्य, (5) सत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित की जोड़ियाँ बनाइये-** **5**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) अनिवार्य वस्तुओं की माँग | (a) 1949 |
| (ii) आय व रोजगार का सिद्धान्त | (b) फिशर |
| (iii) रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण | (c) बेलोचदार |
| (iv) बजट का उद्देश्य | (d) आर्थिक विकास |
| (v) आदर्श निर्देशांक | (e) प्रो. कीन्स। |

उत्तर- (i) (c), (ii) (e), (iii) (a), (iv) (d), (v) (b).

**प्रश्न 5. निम्नलिखित का उत्तर एक शब्द में दीजिए-** **5**

(i) उस बाजार का नाम बताइए जो सोने चाँदी के क्रय-विक्रय से सम्बन्धित है।

(ii) पूर्ण रोजगार की दशा में क्या सम्भव है ?

(iii) प्रतिभूति की मात्रा पर्याप्त होने पर ब्याज की दर कैसी होगी?

(iv) भारत के भुगतान संतुलन की स्थिति कैसी है?

(v) निर्देशांक किस प्रकार की माप है?

उत्तर- (i) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, (ii) ऐच्छिक बेरोजगारी, (iii) कम, (iv) प्रतिकूल, (v) सापेक्ष ।

## खण्ड-(ब)

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 6. 'स्थिर लागत' क्या है? समझाइए। 2

अथवा

एक फर्म की स्थिति से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 7. प्राथमिक क्षेत्र से क्या आशय है ? 2

अथवा

विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद से क्या आशय है ?

प्रश्न 8. उपभोग फलन से क्या आशय है ? 2

अथवा

अर्थशास्त्र में बेरोजगारी से क्या आशय है ?

प्रश्न 9. मुद्रा प्रसार को नियंत्रित करने के उपाय लिखिए। 2

अथवा

व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण से क्या आशय है ?

प्रश्न 10. विस्तार के गुण लिखिए। 2

अथवा

सूचकांकों की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 11. फर्म के साम्य की सीमान्त आगम तथा सीमान्त लागत वक्रों की रीति का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

लागत चक्र के U आकृति के होने के क्या कारण है ?

प्रश्न 12. पूर्ति की लोच को प्रभावित करने वाले प्रमुख तत्व कौन-कौन से हैं ? लिखिए। 3

अथवा

एक वस्तु की पूर्ति को प्रभावित करने वाले तत्वों का वर्णन कीजिए । (कोई तीन)

प्रश्न 13. सह-सम्बन्ध के प्रकारों को समझाइए। 3

अथवा

निम्न x और y श्रेणियों के बीच कार्ल-पियर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक निकालिए।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| x | 57 | 59 | 62 | 63 | 64 | 65 | 55 | 58 | 57 |
| y | 113 | 117 | 126 | 126 | 130 | 129 | 111 | 116 | 112 |

प्रश्न 14. निर्देशांक के निर्माण में आने वाली कठिनाइयाँ कौन-कौनसी है ? 3

अथवा

प्रमाप विचलन एक आदर्श व वैज्ञानिक माप है। क्यों ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 15. समष्टि अर्थशास्त्र की सीमाएँ दोष लिखिए। 4

अथवा

अवसर लागत का महत्व स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 16. एकाधिकार बाजार का क्या अर्थ है ? 4

अथवा

वस्तु के गुण बाजार के विस्तार को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?

प्रश्न 17. प्रामाणिक एवं सांकेतिक मुद्रा का अर्थ बताइए तथा दोनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

मुद्रा स्फीति के कारणों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 18. व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

आन्तरिक (राज्यीय) एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में समानताएँ बताइए।

प्रश्न 19. निजी वित्त सार्वजनिक वित्त से किस प्रकार से भिन्न है ? 4

अथवा

करारोपण के उद्देश्यों को समझाइए।

प्रश्न 20. प्रमाप विचलन को परिभाषित कीजिए तथा गुण व दोष लिखिए। 4

अथवा

अधिकतम सामाजिक लाभ के सिद्धान्त की व्यावहारिक कठिनाइयों सीमाओं को लिखिए।

प्रश्न 21. प्रमाण विचलन को परिभाषित कीजिए तथा गुण भी लिखिए। 4

अथवा

सरल एवं भारित निर्देशांक में अंतर बताइए।

प्रश्न 22. पूर्ति की लोच के प्रकार या पूर्ति की लोच की श्रेणियों का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

कुल आगम तथा कुल लागत वक्रों की रीति का सचित्र वर्णन कीजिए।

प्रश्न 23. उत्पादन करने वाले उद्यमों को कौन-कौन से औद्योगिक क्षेत्र में बाँटा जाता है ? 5

अथवा

भारत में राष्ट्रीय आय की वृद्धि हेतु कोई पाँच सुझाव दीजिए।

प्रश्न 24. पूर्ण रोजगार की प्रति हेतु उपाय लिखिए। 5

अथवा

अभावी माँग को ठीक करने के पाँच उपायों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 25. घाटे के बजट का अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 5

अथवा

केन्द्रीय बजट 2016-17 में घोषित प्रमुख योजनाओं के बारे में लिखिए।

प्रश्न 26. निर्देशांक के निर्माण में आने वाली कठिनाइयों कौन-कौन सी हैं ? 5

अथवा

चतुर्थक विचलन के गुण-दोष लिखिए।